**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

# प्रेस-नोट

**दिनांक- 16.10.2025**

**विषयः- थाना रामनगर पुलिस द्वारा 100 पेटी में 900 लीटर अवैध देशी शराब ( कीमत करीब साढ़े 3 लाख रुपये ), घटना में प्रयुक्त 01 मालवाहक वाहन बरामद व 01 अभियुक्त गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली महोदय व प्रभारी निरीक्षक थाना रामनगर के नेतृत्व में दिनांक 16/10/2025 को अभियुक्त सूबेदार सिंह पुत्र रामजनम सिंह निवासी ग्राम सदलपुरा थाना अलीनगर जनपद चंदौली उम्र करीब 52 वर्ष को 100 पेटियों में प्रति पेटी 45 पाउच 200 ml की ब्लू लाइम ब्रांड की देशी शराब के साथ कारण गिरफ्तारी बताकर हिरासत पुलिस में लिया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना रामनगर में मु0अ0सं0-0267/2025 धारा- 60/63 उ0प्र0 आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण**- दिनांकः- 16/10/2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक लाल रंग की तिपहिया मालवाहक गाड़ी जिसका नंबर UP67BT3444 है, में एक व्यक्ति अवैध देशी शराब लादकर पड़ाव की ओर से आ रहा है जो पीएसी तिराहे से दुर्गा मंदिर के रास्ते ढुंढिराज पुलिया से चंदौली तरफ जाने वाला है। मुखबिर की इस सूचना पर थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा एक बारगी दबिश देकर हिकमत अमली से उक्त वाहन व चालक सूबेदार सिंह पुत्र रामजनम सिंह निवासी ग्राम सदलपुरा थाना अलीनगर जनपद चंदौली उम्र करीब 52 वर्ष को पकड़ लिया गया पकड़े गये व्यक्ति के पास से 100 पेटियों में प्रति पेटी 45 पाउच 200 ml की ब्लू लाइम ब्रांड की देशी शराब बरामद हुआ जिसे कारण गिरफ्तारी बताकर हिरासत पुलिस में लिया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना रामनगर में मु0अ0सं0-0267/2025 धारा- 60/63 उ0प्र0 आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान** - दिनांक 16/10/2025 को, स्थान- दुर्गा मन्दिर से 50 मीटर पंचवटी की तरफ थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

**अभियुक्त का विवरण** – सूबेदार सिंह पुत्र रामजनम सिंह निवासी ग्राम सदलपुरा थाना अलीनगर जनपद चंदौली उम्र करीब 52 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-** अभियुक्त के कब्जे से 100 पेटियों में प्रति पेटी 45 पाउच 200 ml की ब्लू लाइम ब्रांड की देशी शराब।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण –**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री दुर्गा सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 जयप्रकाश सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 श्री पंकज मिश्रा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 अनुराग कृष्ण पाण्डेय थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

5. हे0का0 सूर्यप्रकाश तिवारी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
6. हे0का0 धीरेन्द्र दीक्षित थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**